लखदातार तेरा सोणा दरबार भजन लिरिक्स

आए सवाली तेरे द्वार,
उनकी ना होती कभी हार,
भक्तों की सुनलो पुकार,
सोणा दरबार तेरा सोणा दरबार,
लखदातार तेरा सोणा दरबार,
सोणा दरबार तेरा सोणा दरबार।bd।

दुनिया के आगे,
बहुत बार रोया,
पापों की गठरी को,
अब तक है ढोया,
थाम लो अब मेरा हाथ,
किरपा की करो बरसात,
भक्तों की सुनलो पुकार,
सोणा दरबार तेरा सोणा दरबार,
लखदातार तेरा सोना दरबार,
सोणा दरबार तेरा सोणा दरबार।bd।

श्याम प्रभु का देखा,
अद्भुत नज़ारा,
गिद्ध अजामील,
गज को है तारा,
मुझको भी तारो दीनानाथ,
मेरी भी रखलो बात,
भक्तों की सुनलो पुकार,
सोणा दरबार तेरा सोणा दरबार,
लखदातार तेरा सोना दरबार,
सोणा दरबार तेरा सोणा दरबार।bd।

सारा जगत है,
तेरा दीवाना,
चरणों में मुझको भी,
दे दो ठिकाना,
नैय्या है मेरी मजधार,
बनके खिवैया करो पार,
भक्तों की सुनलो पुकार,
सोणा दरबार तेरा सोणा दरबार,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

लखदातार तेरा सोना दरबार,
सोणा दरबार तेरा सोणा दरबार।bd।

आए सवाली तेरे द्वार,
उनकी ना होती कभी हार,
भक्तों की सुनलो पुकार,
सोणा दरबार तेरा सोणा दरबार,
लखदातार तेरा सोणा दरबार,
सोणा दरबार तेरा सोणा दरबार।bd।

Singer – Prakash Verma
8109203750

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com